प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर—अजमेर
दिनांकः 22.03.2025 समय : 09:00 ए.एम.

..........................

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि सरकार दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण और समान भागीदारी के लिए प्रयासरत है।
- केन्द्रीय सामाजिक न्याय तथा अधिकारिता राज्यमंत्री रामदास अठावले ने उदयपुर में राष्ट्रीय दिव्य कला मेले का उद्घाटन किया—कहा—ये मेला दिव्यांग कलाकारों के लिए एक बेहतर मंच।
- अर्थ ऑवर डे पर राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने सभी से आज एक घंटे के लिए गैरजरूरी लाइट्स को बंद रखने का आह्वान किया।
- विश्व जल दिवस आज—मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने जल की एक एक बूंद बचाने के लिए आगे आने की अपील की।
- आईपीएल क्रिकेट का 18वां संस्करण आज से —पहले मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स का मुकाबला रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से होगा।

..........................

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि वंचित वर्गों के प्रति संवेदनशीलता देश या समाज की प्रतिष्ठा निर्धारित करती है। वे कल राष्ट्रपति भवन में आयोजित पर्पल फेस्ट में बोल रही थी। उन्होंने कहा कि पर्पल फेस्ट का उद्देश्य विभिन्न प्रकार की दिव्यांगताओं और लोगों के जीवन पर इसके प्रभाव के बारे में जागरुकता बढ़ाना है। राष्ट्रपति ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि सरकार सुगम्य भारत अभियान के जरिए दिव्यांगजनों का सशक्तिकरण और समान भागीदारी सुनिश्चित करने के प्रयास कर रही है।

..........................

केन्द्रीय सामाजिक न्याय तथा अधिकारिता राज्यमंत्री रामदास अठावले ने कहा है कि राष्ट्रीय दिव्य कला मेला दिव्यांग कलाकारों को बेहतर मंच उलब्ध कराता है। उन्होंने कहा कि इससे न सिर्फ दिव्यांगजन को प्रोत्साहन मिलता है बल्कि उनके द्वारा बनाए गए उत्पादों को बाज़ार भी मिलता है। वे कल उदयपुर में सर्किट हाऊस में पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि दिव्यकला मेले में आने वाले सभी कलाकारों के आने—जाने और रहने का खर्चा सरकार स्वयं वहन करती है।

.....

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे और केन्द्रीय मंत्री रामदास अठावले ने कल उदयपुर में राष्ट्रीय दिव्यांग कला मेले का उद्घाटन किया। इस दस दिन के मेले का आयोजन सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की ओर से किया जा रहा है। मेले में 20 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के 100 से ज्यादा दिव्यांग उद्यमियों और शिल्पकारों ने अपनी स्टॉल्स लगाई है।

..........................

आज अर्थ ऑवर डे हैं। बिजली बचाने के मकसद से विश्वभर में 'अर्थ ऑवर डे' मनाया जाता है। यह अर्थ ऑवर वर्ल्ड वाइड फंड का एक अभियान है। इसका मकसद लोगों को बिजली के महत्व के प्रति और पर्यावरण सुरक्षा के प्रति जागरुक करना है। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने सभी से एक घंटे के लिए गैरजरूरी लाइट्स को बंद रखकर अर्थ ऑवर डे में सहभागिता निभाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि इससे सामूहिक तौर पर ऊर्जा संरक्षण की दिशा में हम सार्थक पहल कर पाएंगे। राजभवन में आज रात 8.30 बजे से 9.30 बजे तक सभी गैर—जरूरी विद्युत प्रकाश उपकरण बंद रखे जाएंगे।

..........................

अजमेर में आज राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। राजस्व मंडल में लोक अदालत के तहत आपसी समझाइश योग्य प्रकरणों का निस्तारण करने के लिए मंडल स्तर पर बैंच का गठन किया गया है। अतिरिक्त निबंधक—न्याय, हेमन्त स्वरूप माथुर ने बताया कि लोक अदालत में पक्षकारों के बीच आम सहमति और समझाइश के आधार पर अधिक से अधिक मामलों का निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए सभी तैयारियों पूरी कर ली गई हैं।

गौरतलब है कि पहले ये अदालत आठ मार्च को होनी थी, जो अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गई थी।

..........................

आज विश्व जल दिवस है। यह दिन मीठे पानी के महत्व और जल संसाधनों के उचित प्रबंधन के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। इसका उद्देश्य दुनिया भर में जल संकट से निपटने के लिए जागरूकता बढ़ाना और कार्रवाई को प्रेरित करना है। साथ ही वर्ष 2030 तक सभी के लिए पानी और स्वच्छता सुनिश्चित करना है। इस वर्ष का विषय 'ग्लेशियर संरक्षण' है। इस अवसर पर केन्द्र सरकार, हरियाणा के पंचकूला में जल शक्ति अभियानः कैच द रेन – 2025 शुरु करेगी। यह अभियान जल शक्ति मंत्रालय, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय और हरियाणा सरकार के सहयोग से शुरू किया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य जल संरक्षण के लिए देश भर में जागरूकता बढ़ाना है। विश्व जल दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने अपने संदेश में कहा है कि जल सभी के जीवन के लिए जरूरी है, इसलिए हमे जल की एक एक बूंद बचाने के लिए आगे आना चाहिए। मुख्यमंत्री ने सभी से जल संरक्षण के कार्यो के प्रति सभी को जागरूक करने और प्रदेश को जल सम्पन्न बनाने के योगदान देने की अपील की।

..........................

केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि कृषि देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और किसानों का कल्याण सरकार की प्राथमिकता है। लोकसभा में कृषि मंत्रालय की अनुदान मांगों पर चर्चा का उत्तर देते हुए श्री चौहान ने कहा कि सरकार ने पिछले दस वर्षों में कृषि क्षेत्र के लिए बजट में दस लाख करोड़ रुपये से अधिक का आवंटन किया है। श्री चौहान ने कहा कि मोदी सरकार ने अब तक 75 करोड़ 74 लाख मीट्रिक टन न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान की खरीद की है। श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना प्राकृतिक आपदाओं से फसल को हुए नुकसान से व्यापक सुरक्षा प्रदान करती है।

..........................

प्रदेशभर में एग्रीस्टेक योजना के तहत किसान रजिस्ट्री शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जयपुर के अतिरिक्त जिला कलेक्टर देवेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि जिले में अब तक आयोजित शिविरों में 2 लाख 76 हजार से ज्यादा किसानों का रजिस्ट्रेशन किया जा चुका हैं और उन्हें 11 अंकों की विशिष्ट पहचान उपलब्ध करवाई जा चुकी है, जिसके बाद जयपुर प्रदेश में सबसे ज्यादा किसान आईडी जारी करने वाला जिला बन गया है। गौरतलब है कि फार्मर रजिस्ट्री शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत स्तर पर 31 मार्च तक किया जा रहा है।

..........................

इंडियन प्रीमियर लीग–आईपीएल क्रिकेट का 18वां संस्करण आज से शुरू हो रहा है। कोलकाता में आज शुरूआती मैच में मौजूदा चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स का सामना रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से होगा। मैच शाम सात बजकर 30 मिनट पर शुरू होगा। इससे पहले उद्घाटन समारोह में कई बॉलीवुड कलाकार प्रस्तुति देंगे। टूर्नामेंट में 10 टीम 74 मैच खेलेंगी। प्रतियोगिता का फाइनल 25 मई को होगा।

..........................

प्रदेश में पश्चिम विक्षोभ का असर समाप्त होते ही तापमान में बढोतरी देखने को मिल रही है। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि प्रदेश में आगामी 4–5 दिन मौसम शुष्क रहने की संभावना है। कल से अधिकतम तापमान में 2–3 डिग्री बढोतरी होने के आसार है। विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटों में राज्य के 9 शहरों का दिन का पारा 35 तो वहीं आठ शहरों का रात का पारा 20 डिग्री सैल्सियस के पार दर्ज किया गया। सबसे ज्यादा 37 दशमलव 6 डिग्री सैल्सियस अधिकतम तापमान बाडमेर में दर्ज किया गया।

..........................